# पीड़िता को इंसाफ दिलाने प्रदर्शन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, अगस्त पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की घटना को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं. हर राज्य शहर गली मोहल्ले से एक ही आवाज सुनने को मिल रही है कि, इंसाफ दो इंसाफ दो . इसी कड़ी में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसके बाद उसकी हत्या के मामले को लेकर राजधानी भोपाल में भी गुरुवार की शाम विरोध प्रदर्शन किया गया है.**




कई कॉलेज के छात्र-छात्रों और महिलाओं ने एक साथ नरेला शंकरी चौराहे पर एकत्र होकर पुतले जलाए और नारेबाजी की. इन सभी ने यहां मिलकर ममता सरकार मुर्दाबाद, महिला डॉक्टर को इंसाफ दो, हमारी बहनों को सुरक्षा दो, बहनों को आजादी दो आदि नारे लगाए.

इन लोगों ने पुतला दहन के साथ मोमबत्तियां जलाकर कलकाता रेप और हत्या कांड की पीड़िता महिला डॉक्टर को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही.

## कृषि विशेषज्ञों ने किया सोयाबीन फसल का निरीक्षण

**बैरसिया, 22 अगस्त.** नजीराबाद क्षेत्र के अधिकांश गांवों में खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल बांझ रह गई है. किसानों ने सोयाबीन की खड़ी बांझ फसल को काटकर पशुओं को खिलाना शुरू कर दिया. इस बात की खबर लगते ही गुरुवार को अमित प्रताप सिंह सहायक संचालक कृषि विभाग भोपाल, कृषि विशेषज्ञों एम पी सिंह और सीता चौधरी नवीबाग भोपाल की टीम के साथ मलकारी पंचायत के गांव बड़वेली खुर्द पहुंचे. उनके साथ वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी पीएस गोयल, विशाल दांगी, डॉ विवेक गुमास्ता, पंकज दास एवं बैरसिया जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जसवंत सिंह गुर्जर एवं मलकारी पंचायत के सरपंच जीशान अहमद सहित किसान मौजूद थे.

# दिव्यांगजनों के लिए चलित न्यायालय

## आयुक्त नि :शक्तजन कार्यालय में हुई बैठक में लिया निर्णय

- दिव्यांगजनों की समस्याओं का मौके पर होगा निराकरण
- सीधी सांसद की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 अगस्त. प्रदेश में दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिये चलित न्यायालय लगाये जायेंगे. इन न्यायालयों में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत प्रदेश एवं केन्द्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित दिव्यांगजनों की समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जायेगा. चलित न्यायालयों की व्यवस्थाओं के संबंध में आयुक्त नि:शक्तजन कार्यालय में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई.**

राज्य आयुक्त नि:शक्तजन संदीप रजक ने बताया कि दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये जिला स्तर पर चलित न्यायालय आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. प्रदेश का प्रथम चलित न्यायालय 17 अक्टूबर को सीधी और सिंगरौली जिले में आयोजित किया जायेगा.

चलित न्यायालयों में दिव्यांगजनों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही दिक्कतों का मौके पर ही निराकरण किया जायेगा.

इसमें सिकल सेल एवं बहु-दिव्यांगता श्रेणी के दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड उपलब्ध कराने, व्हील-चेयर, मोटराइज्ड ट्राइसिकल, क्रेचेश, कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र और स्व-रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराये जाने की समीक्षा भी की जायेगी.

आयुक्त रजक ने बताया कि चलित न्यायालय की व्यवस्थाओं के संबंध में जिला स्तरीय एडव्होकेसी की बैठक 28 अगस्त को सीधी तथा 29 अगस्त को सिंगरौली में आयोजित की जायेगी.

गौरतलब है कि दिव्यांगजनों के लिए केंद्र व राज्य सरकार कई योजनाएं चला रहीं हैं.



# बहनों के आशीर्वाद से ही भाजपा को चुनाव में विजय मिली : वीडी

**भोपाल, 22 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा हुजूर विधानसभा क्षेत्र के संत हिरदाराम नगर, भैंसाखेड़ी में रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ शामिल हुए और बहनों से राखी बंधवाकर आशीर्वाद लिया.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा, विधायक शर्मा एवं जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी को 11 हजार बहनों ने रक्षासूत्र बांधा.

रक्षाबंधन उत्सव को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि बहनों के आशीर्वाद से ही पार्टी को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और मध्यप्रदेश की सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है.

# पुलिस ने पकड़ा सागौन से भरा लोडिंग ऑटो

## चिकलोद रेंज को सौंपा बेशकीमती लकड़ी से भरा वाहन

मंडीदीप, 22 अगस्त. औबेदुल्लागंज वन मंडल के जंगलों में इन दिनों सागौन सहित इमरती लकड़ियों की तस्करी जोरों पर है. लकड़ी माफिया बेखौफ जंगलों से सागौन सहित कीमती लकड़ियों को काटकर उसका अवैध रूप से परिवहन कर रहे है और वन विभाग के अमले को इसकी भनक तक नहीं लग पाती है. ऐसे ही एक मामले में सतलापुर पुलिस ने बीती रात गस्त के दौरान एक लोडिंग वाहन को रोक कर उसकी तलाशी ली तो ऑटो में सागौन की लकड़ी भरी हुई थी. पुलिस ने लकड़ी से भरे ऑटो को जप्त कर चिकलोद रेंज के सुपुर्द कर दिया है, अब इस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई वन विभाग को करना है.



सतलापुर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि वह रात्रि गस्त पर थे इस दौरान मंडीदीप में नयापुरा के पास तेजी से जाता हुआ एक लोडिंग ऑटो दिखा. पुलिस ने जब ऑटो को रोकने की कोशिश की तो ऑटो चालक ने वर्धमान रोड पर ऑटो मोड़ दिया और भागने की कोशिश करने लगा.

पुलिस ने आगे जाकर जब ऑटो को रोका और उसकी तलाशी ली तो उसमें सागौन की लकड़ी भरी हुई मिली.

पुलिस ने इस मामले में लोडिंग ऑटो क्रमांक एमपी 04 एलडी 7845 सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार भी किया है. इसमें एक रेहान अहमद पुत्र इलायज, निवासी बरखेड़ा तथा अजीम पुत्र अब्दुल करीम सिद्दीकी निवासी ग्राम करमोदा बरखेड़ा शामिल हैं.

### वन विभाग का अमला विफल

औबेदुल्लागंज वन मंडल में वनों में हो रही अवैध कटाई और लकड़ी की तस्करी रोकने के लिए तैनात वन अमला लकड़ी माफिया पर कार्यवाही करने में नाकाम साबित हो रहा है, जबकि वहीं औबेदुल्लागंज सबडिवीजन की पुलिस लगातार लकड़ी माफिया पर शिकंजा कसते हुए लक्कड़ माफियाओं पर कार्रवाई कर उन्हें वन विभाग को सौंप रही है. यह तो मात्र दो करवाई है इससे पूर्व भी पुलिस द्वारा कई लकड़ी माफिया को गिरफ्तार कर वन विभाग के सुपुर्द किया जा चुका है. वन मंडल औबेदुल्लागंज के एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि सतलापुर पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ की जा रही है, आरोपित लकड़ी कहां से लेकर आये थे और कहां बेचने जा रहे थे जल्दी इस मामले का खुलासा करेंगे.


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना, दिनांक:21.08.2024**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-45-2024, **कार्य का नाम:** भाग(ए) गुना - प्लेटफॉर्म 1.2 और 3 पर CAMTECH डिजाइन के अनुसार मौजूदा कैरिज वॉटरिंग सिस्टम का उन्नयन। भाग (बी) भोपाल प्लेटफॉर्म 3,4 और 5 पर CAMTECH डिजाइन के अनुसार त्वरित पानी की व्यवस्था का प्रावधान। (विद्युत कार्य), **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 04 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 8755639.14, **अग्रिम राशि रू.:** 175100.00, **निविदा बंद होने की तिथि:** 05.09.24 **एवं समय:** 11:00, **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-46- 2024, **कार्य का नाम:** भोपाल मंडल: दो वर्ष हेतु यात्री ट्रेनों के कोचों में लगे ट्रेन लाइट उपकरणों का अनुरक्षण एवं कोचों का आईओएच।, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 27678881.34, **अग्रिम राशि रू.:** 288400.00, **निविदा बंद होने की तिथि:** 06.09.24 **एवं समय:** 11:00, **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-47- 2024, **कार्य का नाम:** 12 मीटर चौड़े केंद्रीय FOB पर विदिशा (2) गंज बासौदा (2) गुना (2) नर्मदापुरम (2) और संत हिरदाराम नगर (2) स्टेशनों पर 5 जोड़ी अप और डाउन एस्केलेटर का प्रावधान।, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 4 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 81763723.21, **अग्रिम राशि रू.:** 558800.00, **निविदा बंद होने की तिथि :** 09.09.24 **एवं समय:** 11:00, **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-48-2024, **कार्य का नाम:** भोपाल मंडल - स्टेशनों पर रूफटॉप सॉर संयंत्र का प्रावधान, 25/4 KV TrD आपूर्ति प्रणाली के लिए।, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 4 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 21774400.00, **अग्रिम राशि रू.:** 258900.00, **निविदा बंद होने की तिथि:** 13.09.24 **एवं समय:** 11:00, **निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो-नि.-43-2024, **कार्य का नाम:** भोपाल मंडल: भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित 89 नंबर DG सेटों का 03 वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध।, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 माह, **अनुमानित लागत रू.:** 1804716.00, **अग्रिम राशि रू.:** 36100.00, **निविदा बंद होने की तिथि:** 13.09.24 **एवं समय:** 11:00। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो बेवसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निविदा की लागत राशि 50 लाख रूपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ़े लें। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ संलग्न विशेष शर्त में दिया गया है।

**वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), पमरे, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**नाम परिवर्तन**

मेरे पूर्व पासपोर्ट में RASHID MIYAN नाम है. मेरा सही नाम MUNNEY BHAI S/O BABU KHAN आयु व्यस्क निवासी 144, चौकसे नगर, D.I.G बंगला, बैरसिया रोड, तहसील हुज़ूर भोपाल म.प्र. है, कृप्या करके यही नाम पासपोर्ट मे अंकित किया जाए।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पूर्व पासपोर्ट में पति का नाम RASHID MIYAN है. मेरे पति का सही नाम MUNNEY BHAI और मेरा FEHMIDA, आयु व्यस्क निवासी 144, चौकसे नगर, D.I.G बंगला, बैरसिया रोड, तहसील हुज़ूर भोपाल म.प्र. है, कृप्या करके यही नाम पासपोर्ट मे अंकित किया जाए।

**CHANGE OF NAME**

I, No 7780687N Hav(MP) Murali D, unit-21 Corps Pro Unit C/o 56 APO declare that my SON Name recorded in my service record M ASHVATH. I have changed his name from M ASHVATH to ASHVATH M Vide affidavit No BF-506969 dated 21 Aug 2024

**CHANGE OF NAME**

I, No 7780687N Hav(MP) Murali D. unit -21 Corps Pro Unit C/o 56 APO declare that my daughter Name is recorded in my service record M SURUTHIKA I have changed his name from M SURUTHIKA to SURUTHIKA M vide affidavit No BF-506968 dated 21 Aug 2024

**CHANGE OF NAME**

I,M JITHYA legally wedded spouse of No 7780687N Hav/MP) Murali D resident of Village - Avaran Kuppam, PO-Avaran Kuppam, PS-Ambalur, Teh-Vaniyambadi, Distt- Thiru Pattur State Tamil Nadu, Pin Code-635801 have changed my name from M JITHYA to JITHYA M vide affidavit No BF -506967 dated 21 Aug 2024 before.


# सपौआ में बदल दी डीपी की जगह

## सरपंच सहित ग्रामीणों ने जेई पर लगाया सांठगांठ का आरोप

**बैरसिया, 22 अगस्त. बैरसिया के ललरिया विद्युत सबस्टेशन में पदस्थ अधिकारी की अनिमितताओं, मनमानी के नित नए मामले खुल रहे हैं.**

गुरुवार को ग्राम पंचायत सेमरा के सरपंच दशरथ सिह दांगी के साथ सपौआ गांव के एक दर्जन लोगो ने बताया कि सपौआ में सरकारी कुआं के पास ट्रांसफार्मर लगना स्वीकृत है. उसे बिजली कंपनी के जेई सुशील कुमार वर्मा ने सांठगांठ पूर्वक उक्त डीपी को स्वयं की सुविधा एव ठेकेदार को लाभ पहुंचाने की मंशा से उसका स्थान बदल कर दूसरी जगह मंदिर के पास रखवा दी. ग्रामीणों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक विष्णुखत्री एवं बिजली कंपनी के ईई से की है. इनके कहने के बावजूद जेई वर्मा ने सार्वजनिक डीपी की फाइल में स्वीकृत स्थान परिवर्तन नहीं किया.

# ग्वालियर में 28 को होगा रीजनल कॉन्क्लेव

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 अगस्त. मप्र में वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जायेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आवश्यक पृष्ठभूमि तैयार कर ली गई है. मप्र में उद्योगों के विकास के लिए बेहतर माहौल बन रहा है.**

वर्तमान वर्ष मार्च माह में उज्जैन और जुलाई माह में जबलपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के साथ ही 25 जुलाई को कोयम्बटूर और बंगलौर में 7-8 अगस्त में हुई कॉन्क्लेव मप्र में उद्योगों के विकास के लिए महत्वपूर्ण मंच बनी हैं. ग्वालियर में 28 अगस्त को हो रही रीजनल कॉन्क्लेव लघु उद्योगों के विकास का सशक्त माध्यम बनेगी.

ग्वालियर में खाद्य प्र-संस्करण, टेक्सटाइल एवं गारमेंट उद्योग के साथ ही फुटवेयर एवं लैदर सेक्टर में निवेश प्राप्ति की संभावनाएं बढ़ी हैं। अनेक औद्योगिक संस्थान जैसे ब्रिटानिया, जैन कॉर्ड, अंकुर उद्योग ने निवेश में रूचि दिखाई है. इंजीनियरिंग क्षेत्र में शांति गेयर्स, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यूटीएल सोलर, फुटवेयर क्षेत्र में वॉनवेल्स, बॉम्बे लैदर और राम फैशन ने रूचि दिखाई है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ उद्योगपतियों की ग्वालियर कॉन्क्लेव में वन-टू-वन बैठकें निवेश की दृष्टि से महत्वपूर्ण होंगी. फिलहाल 73 औद्योगिक इकाईयों को भूमि आवंटन किया गया है. यह इकाइयां 98 एकड़ क्षेत्रफल में 345 करोड़ रूपए के निवेश से लगभग तीन हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाएंगी.


**NAGPUR AGRICULTURE PRODUCE MARKET COMMITTEE**

Pandit Jawaharlal Nehru Market Yard, Kalamana, Nagpur

**Ph.** 0712 - 2680280 / 2680877 **Email :** apmcnagpur@rediffmail.com **Website :** www.apmcnagpur.com

E-Tender Notice No. Const/3/2024-25

**ONLINE TENDER**

online percentage rate E-Tender in **B-1** form are invited by **chairman / secretary** A.P.M.C Kalmna Nagpur (Telephone No.0712/2680870, 2680280) for following works from the license **civil contractor** registered in Appropriate class with P.W.D

| Sr. No. | Name of Work And Class | Estimate Cost Rs. |
|---|---|---|
| 1 | Repair and maintenance of M.S. Grill Railing (in the road portion of Administrative Bldg Mirchi Shop Godown No. 3) at PDT. J.N. Market Yard Kalamna Nagpur (Class IV (A) & above) | **58,82,793/-** |

**1)** All Details of above Tender can be seen on **www.mahatender.gov.in**
**2)** All Rights is reserved to reject any or all Tenders without assigning any reason thereof.

**Chairman / Secretary**
**A.P..M.C. Nagpur**



**कार्यालय नगर परिषद न्यूटनचिखली, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

फोन नं.- 07161222249 ईमेल-cmonewtonchikhli@mpurban.gov.in

क्रमांक 700/PWD/NP/2024 न्यूटनचिखली, दिनांक 21-08-2024

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2024_**UAD**_363414_1 दि. 22-08-2024 | 2 मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नाली, बाउण्ड्रीवाल एवं पेवर ब्लाक निर्माण कार्य | 06 माह, 1,65,03,853/- | 12,500/- 82,600/- | 28-09-2024 |

शर्त-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://www.mptenders.gov.in** की वेबसाईड पर किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकार**
**नगर परिषद न्यूटन चिखली**


## स्क्रूटनी में एक का नामांकन निरस्त

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 22 अगस्त. राज्य सभा उप चुनाव के क्रम में गुरुवार को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की गई, जिसमें तीन में एक उम्मीदवार का नामांकन निरस्त कर दिया गया, अब राज्यसभा के लिए दो उम्मीदवार मैदान में बचे हैं. गुरुवार को स्क्रूटनी में कुलदीप बेलावल का नामांकन विधि अनुरूप नहीं होने के कारण उसे निरस्त कर दिया गया, वहीं जॉर्ज कुरियन और कांत देवका नामांकन विधि मान्य पाए गए.


**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल** — प्रॉपर्टी फॉर सेल

ई-ऑफर 17.09.2024 तक आमंत्रित

**पं. दीनदयाल नगर सीहोर में रियायती दरों पर एम.आई.जी. एवं एच.आई.जी. भूखण्डों का एकमुश्त (ऑफर) आधार पर क्रय करने का स्वर्णिम अवसर**

(रेरा पंजीयन क्रमांक P-SEH-17-059)

आवेदन शुल्क जी.एस.टी. सहित रु. 1770.00

| संपत्ति का प्रकार | उपलब्ध भूखण्डों की संख्या | उपलब्ध भूखण्ड क्रमांक | भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गफुट) | प्रत्येक भूखण्ड का अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| **पं. दीनदयाल नगर सीहोर : सेक्टर-ए में उपलब्ध भूखण्ड :** | | | | | |
| MIG | 1 | 10 | 1452.60 | 2089956.00 | 417990/- |
| MIG | 1 | 15 | 1492.95 | 2594459.00 | 518890/- |
| MIG | 33 | 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30, 31, 34, 35, 36, 51, 52, 53 , 54, 55, 56, 57,58, 59, 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70 | 1452.60 | 2089956.00 | 417990/- |
| MIG | 10 | 23, 24, 37, 38, 41, 42, 43, 46, 47, 48 | 1452.60 | 2302025.00 | 460400/- |
| MIG | 1 | 25 | 2340.30 | 3708817.00 | 741760/- |
| MIG | 1 | 26 | 1807.68 | 3430805.00 | 686160/- |
| MIG | 1 | 32 | 1840.00 | 3197496.00 | 639500/- |
| MIG | 1 | 33 | 1876.00 | 3260138.00 | 652000/- |
| MIG | 1 | 49 | 1880.31 | 3267615.00 | 653500/- |
| MIG | 1 | 39 | 1807.68 | 3430805.00 | 686160/- |
| MIG | 1 | 40 | 1977.15 | 3752444.00 | 750480/- |
| MIG | 1 | 44 | 1985.22 | 3449929.00 | 689980/- |
| MIG | 1 | 45 | 1985.22 | 3767759.00 | 753550/- |
| MIG | 1 | 71 | 1452.60 | 2756896.00 | 551370/- |
| MIG | 1 | 60 | 1371.90 | 1973847.00 | 394770/- |
| MIG | 1 | 61 | 1694.70 | 2438281.00 | 487650/- |
| **पं. दीनदयाल नगर सीहोर : सेक्टर-बी में उपलब्ध भूखण्ड :** | | | | | |
| MIG | 1 | 1 | 1533.30 | 2664580.00 | 532900/- |
| MIG | 6 | 2, 3, 4, 5, 6, 7 | 1452.60 | 2089956.00 | 417990/- |
| MIG | 1 | 8 | 1452.60 | 2524338.00 | 504860/- |
| HIG | 1 | 5 | 2348.99 | 4989048.00 | 997810/- |
| HIG | 3 | 2, 3, 4 | 2348.99 | 4130543.00 | 826100/- |
| HIG | 1 | 10 | 2348.99 | 5448673.00 | 817300/- |
| HIG | 3 | 7, 8, 9 | 2348.99 | 4549673.00 | 909935/- |
| HIG | 1 | 11 | 2740.57 | 6357201.00 | 953580/- |
| HIG | 3 | 12, 13, 14 | 2324.16 | 4501738.00 | 900348/- |
| HIG | 1 | 15 | 3002.04 | 5814744.00 | 872200/- |
| HIG | 1 | 16 | 2740.57 | 5820938.00 | 873100/- |
| HIG | 3 | 17, 18, 21 | 2324.16 | 4087024.00 | 817400/- |
| HIG | 1 | 19 | 3679.92 | 6471122.00 | 970600/- |
| HIG | 1 | 20 | 3776.76 | 6641414.00 | 996200/- |
| HIG | 1 | 22 | 2740.52 | 5820938.00 | 873100/- |

| आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि | ऑफर BID-ID डालने की अंतिम तिथि | ऑफर दिनांक | ऑफर आईडी | विस्तृत जानकारी |
|---|---|---|---|---|
| 17.09.2024 तक। | 18.09.2024 सायं 5.00 बजे तक। | 19.09.2024 को सायं 5.30 को खोला जावेगा। | रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगी। | मंडल की वेबसाइट www.mphousing.in पर उपलब्ध। |

**नोट :** (1) संपत्ति का विक्रय 'जहां है जैसी है' की स्थिति में किया जा रहा है। (2) सभी संपत्ति का विक्रय यथास्थिति में किया जा रहा है एवं ऑफर डालने से पूर्व स्थल पर संपत्ति का अवलोकन कर लें। ऑफर स्वीकृति के पश्चात संपत्ति में किसी प्रकार की मरम्मत का कार्य मंडल द्वारा नहीं किया जावेगा। आवेदक द्वारा यदि स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज के वापिस की जावेंगी। शासन/मंडल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। (3) संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध।

**संपर्क :-** टी.एस. तिर्की (संपदा अधिकारी) दूरभाष : 0755-2552191, आर.के. शिवहरे (सहायक यंत्री) मो. 9406912059, राजेश शुक्ला (संपदा प्रबंधक) मो. 9425012768, रूपक जैन (उपयंत्री) मो. 7060334225, नारायण गुर्जर (सहायक) मो. 9009497983

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in — म.प्र. माध्यम/116042/2024